**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–15.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **18 दिन बाद अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लौटे शुभांशु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– यह देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन–गगनयान की दिशा में एक मील का पत्थर।**
- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा–राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध, ज्ञान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाने का किया आह्वान।**
- **विधानसभा के मानसून सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम जारी, होंगी पांच बैठकें, चार अगस्त को सदन में पेश किया जायेगा प्रथम अनुपूरक बजट।**
- **नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, लातेहार में पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण, रांची में ड्रग्स के साथ पांच गिरफ्तार।**
- **बासुकीनाथ धाम में कांवरिया रूट लाइन का टूटा पंडाल, सात श्रद्धालु घायल, अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

***********************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य चालक दल के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 18 दिन के ऐतिहासिक मिशन के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान आज दोपहर अमरीका के कैलिफ़ोर्निया में सैन डिएगो तट से दूर प्रशांत महासागर में उतरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि यह देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन – गगनयान की दिशा में एक मील का पत्थर है। श्री सिंह ने कहा कि सभी अंतरिक्ष यात्री अगले एक हफ़्ते तक क्वारंटीन में रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि शुभांशु शुक्ला 17 अगस्त को स्वदेश आ जाएंगे।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, विनम्रता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में केवल डिग्री नहीं, दिशा और दृष्टि भी आवश्यक है।

वे आज रांची के मारवाड़ी कॉलेज के विवेकानन्द प्रेक्षागृह में आयोजित कॉलेज के पांचवें ग्रेजुएशन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान को केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम न मानें, बल्कि उसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का साधन बनाएं। राज्यपाल ने यह भी कहा कि वे राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

***********************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर आज औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया। एक अगस्त से मानसून सत्र की शुरुआत होगी। यह सत्र सात अगस्त तक चलेगा। दो दिन अवकाश रहने के कारण सिर्फ पांच दिन विधानसभा का मानसून सत्र चलेगा। चार अगस्त को प्रथम अनुपूरक बजट पेश होगा। पांच अगस्त को प्रथम अनुपूरक बजट पारित हो जाएगा।

***********************

भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विकास इस सरकार के एजेंडे में ही नहीं है। श्री शाहदेव ने कहा कि विभिन्न विभागों में पद रिक्त होने के कारण कई सौ करोड़ रुपये के टेंडर का निष्पादन लंबित है।

***********************

राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान श्री बिरुआ ने राजस्व संग्रहण में सुधार के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में विभाग ने दो हजार चार सौ करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है,

जिसे समय पर पूरा करना जरूरी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार–प्रसार पर भी विशेष जोर देने की बात कही गई। बैठक में विभागीय सचिव, परिवहन आयुक्त सहित विभिन्न जिलों के परिवहन अधिकारी मौजूद रहे।

******************

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने हेमंत सोरेन से पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

******************

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद –जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर लवलेश गंझु ने आज लातेहार में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लवलेश पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित है। वह बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू गांव का रहने वाला है। आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि लातेहार पुलिस की ओर से पिछले कई दिनों से लगातार नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद नक्सली भयभीत हैं और आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

******************

लखनऊ आर्मी इंटेलिजेंस से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इन सबकी गिरफ्तारी मोरहाबादी क्षेत्र के आसपास कई ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हुई।

******************

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुम्भा पंचायत के डूमरडीहा गांव में करंट लगने से दो बच्चों की मौत हो गई। अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ नित्यानंद दास ने बताया कि अवैध रूप से एक ईंट भट्ठा का संचालन हो रहा था जिसमें अनाधिकृत रूप से बिजली का तार बिछाया गया था। इसकी चपेट में आने से दोनों बच्चों की मौत हो गयी।

******************

कोडरमा जिले में आजीविका योजनाओं के जरिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पहली बार लाइवलीहुड टास्क फोर्स का गठन किया गया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

दुमका जिले के बासुकीनाथ धाम में लगातार हो रही बारिश और हवा के कारण आज कांवरिया रूट लाइन पर लगा एक बड़ा टेंट गिर गया। हादसे में सात श्रद्धालु घायल हो गये। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

******************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अब कुछ घंटे बाद राजधानी रांची, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिले समेत कई जिलों में गरज के साथ तेज बारिश होगी। इस दौरान वज्रपात और सतही हवा चलने की चेतावनी भी जारी की गयी है। आपदा प्रबंधन विभाग और मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और जल स्रोतों के आसपास न जाने की अपील की है।

******************

सीआईएसएफ के जवान अब खेल में भी देश की शान बनते जा रहे हैं। अमेरिका के बर्मिंघम शहर में हुए विश्व पुलिस और फायर खेलों में सीआईएसएफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 64 मेडल हासिल किये। मैथन स्थित डीवीसी सीआईएसएफ कैंप में सहायक कमांडेंट सिनारे प्रतीक दत्तात्रेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में दुनियाभर के 70 से ज्यादा देशों के दस हजार से अधिक पुलिस और फायर सर्विस के खिलाड़ी शामिल हुए थे।

*******समाप्त********